तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

4 बारगांव विद्यालय की तन्नू बेग हॉकी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर ...



5 महंत राजूदास साहेब ने सत्संग में सदगुरु ...



## खबर संक्षेप

### कूंरा में गुरु घासीदास जयंती का आयोजन

**नांदघाट।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल गृहग्राम कूंरा के गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। अखाड़ा पंथीगीत के साथ सामाजिक जनों ने आगवानी की । मंत्री बघेल ने सहपरिवार बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति में जयत खांब और बाबाजी के तैल चित्र की पूजा अर्चना करते हुए गुरु घासीदास के द्वारा प्रदर्शित पथ और उपदेशों को संपूर्ण मानवजाती के उत्थान का हेतु बताते हुए। सत्य अहिंसा सद्भाव और बंधुत्व के लिए कार्य करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने भी पूजन कर श्रद्धापूर्वक ध्वज लगाया । कार्यक्रम में आकर्षक अखाड़ा प्रदर्शन व मनोरम पंथी नृत्य किया गया। जनपद उपाध्यक्ष माया हीरा बारले सरपंच सतीश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में सामाजिक जन व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तृतीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन

**साजा** विकास खण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रानो में तृतीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री द्वारिका राम वर्मा ने क्रमशः प्राथमिक,माध्यमिक,उच्च एवं उच्चतर विभाग के बच्चों की जानकारी पालकों को उपलब्ध कराई। साथ ही सभी को साथ मिलकर बच्चों एवं शाला के विकास में काम करने के लिए कहा। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने माध्यमिक विभाग के पांच बच्चों वंदिका वर्मा,चंचल वर्मा,जाग्रति साहू,द्रोण वर्मा एवं चन्दन वर्मा को छःमाही सौ प्रतिशत उपस्थिति के लिए आदरणीय शिक्षकों एवं पालकों के हाथों सम्मानित कराया।शिक्षिका ने उन्हें कॉपी,पेन,स्कैच पेन स्टेशनरी उपहार में प्रदान किया। शिक्षिका विगत चार वर्षों से सर्वाधिक उपस्थिति के लिए बच्चों के लिए ऐसा आयोजन करती आ रही है साथ ही शिक्षिका ने सभी शिक्षकों एवं पालकों से सहयोग की अपील की है ताकि बच्चों एवं शाला का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा,माध्यमिक प्रधान पाठक किशुनराम साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक उत्तम साहू, माध्यमिक अध्यक्ष सनातन साहू,अन्य सदस्यगण,पालक, समस्त शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### दुर्ग संसदीय खेल महोत्सवः नीलिमा ने 100 मीटर दौड़ में पाया दूसरा स्थान

**परपोड़ी।** दुर्ग लोकसभा के संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत एवं स्कूल में खेल का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 9 वर्ष से 45 वर्ष के व्यक्तियों के लिए एवं स्कूलों में 9 से 18 वर्ष आयु के बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सांसद खेल महोत्सव प्रतिभायों को आगे लाने के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहे है । खेलो का आयोजन चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है । इसमें पंचायत स्तर, जोन स्तर, विधानसभा स्तर के बाद लोक सभा क्षेत्र तक खेलकूद प्रतियोगिता कराई जा रही है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं संकुल केंद्र कोगियाकला, विकासखंड साजा, जिला बेमेतरा के कक्षा सातवीं से कु. नीलिमा ने खेल महोत्सव के संसदीय स्तरीय के अंतर्गत रवि शंकर स्टेडियम, दुर्ग मे भाग लिया । इस आयोजन में संसदीय क्षेत्र के 9 विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभागी शामिल हुए। कु. नीलिमा ने कोंगियाकला से 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग से द्वितीय स्थान प्राप्त किया । संस्था के शिक्षक नरेश कुमार नागवंशी ने खेल प्रतियोगिता के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया । कु नीलिमा की उपलब्धि पे संस्था के प्राचार्य सी. वी. वर्मा एवं प्रधान पाठक एम एल साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की । उनकी उपलब्धि पर कोगियाकला, ग्राम पंचायत एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण ने बधाई दी।

# उत्साह, उम्मीद और उमंग के साथ बेमेतरा ने किया नए साल 2026 का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में नए साल 2026 का आगमन पूरे उत्साह और उमंग के साथ हुआ। 31 दिसंबर की रात जैसे ही साल 2025 ने विदाई ली, वैसे ही बेमेतरा जिले में जश्न का माहौल छा गया। बीता वर्ष अपने साथ कई खट्टे-मीठे अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियां छोड़कर विदा हुआ, जबकि नए साल से लोगों को नई उम्मीदें, नई शुरुआत और बेहतर भविष्य की आस है। साल 2025 जिलेवासियों के लिए कई मायनों में यादगार रहा। इस वर्ष जहां सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक स्तर पर चुनौतियां सामने आईं, वहीं सफलता, सहयोग और सकारात्मक बदलाव के कई पल भी लोगों की जिंदगी में जुड़े। आमजन ने 2025 को सीख, धैर्य और अनुभव का वर्ष बताया, जिसने कठिन समय में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## खट्टे-मीठे अनुभवों के साथ 2025 को दी गई भावभीनी विदाई

### युवाओं में दिखा खास जोश

नए साल के स्वागत में युवाओं की भूमिका सबसे ज्यादा उत्साहपूर्ण रही। युवाओं की टोलियों ने संगीत, नृत्य और आतिशबाजी के साथ धूमधड़ाके से 2026 का स्वागत किया। कई जगहों पर केक काटे गए, तो कहीं दोस्तों के साथ मिलकर जश्न मनाया गया। सोशल मीडिया पर भी बधाइयों और शुभकामनाओं का दौर देर रात तक जारी रहा। जहां युवा वर्ग जोश में नजर आया, वहीं परिवारों और बुजुर्गों ने सादगी और शांति के साथ नए साल का स्वागत किया। मंदिरों में दर्शन, घरों में पूजा-अर्चना और आपसी मेलजोल के साथ लोगों ने नए साल में स्वास्थ्य, खुशहाली और जिले की तरक्की की कामना की।




### नए साल 2026 से बड़ी उम्मीदें

नए साल के पहले दिन लोगों में नए संकल्प और सकारात्मक सोच स्पष्ट नजर आई। व्यापारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है, युवाओं को रोजगार और शिक्षा में सफलता की आस, तो किसानों और श्रमिक वर्ग को स्थिरता और उन्नति की उम्मीद है। आमजन का मानना है कि 2026 बेमेतरा जिले के लिए विकास, शांति और समृद्धि का वर्ष साबित होगा।इस तरह पूरे जिले में उत्साह, उल्लास और उम्मीदों के साथ नए साल 2026 का स्वागत किया गया और 2025 को यादों के पन्नों में सहेजते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

### 31 दिसंबर की रात जश्न में बदला शहर

31 दिसंबर की रात बेमेतरा शहर सहित जिले के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। रात 12 बजते ही पटाखों की आवाज, तालियों की गूंज और "हैप्पी न्यू ईयर" की शुभकामनाओं से वातावरण गूंज उठा। चौक-चौराहों, कॉलोनियों और मोहल्लों में लोग झूमते, गाते और एक-दूसरे को गले लगाकर नए साल की बधाइयां देते नजर आए।

## कार्रवाई : अवैध व्यापार पर आगे भी होगी कड़ी कार्रवाई

# अवैध धान भंडारण पर मुलमुला में फुटकर व्यापारी का गोडाउन सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर के नेतृत्व में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान भंडारण की शिकायत प्राप्त होने पर ग्राम मुलमुला में त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की गई।

प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम मुलमुला स्थित फुटकर व्यापारी भोलाराम देवांगन, पिता कल्लू देवांगन के गोडाउन में छापामार कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर कल्लू देवांगन एवं उनके छोटे पुत्र रामानंद देवांगन उपस्थित पाए गए। अधिकारियों द्वारा गोडाउन का निरीक्षण करने हेतु चाबी प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु उनके द्वारा जानबूझकर असहयोग करते हुए गोडाउन की चाबी उपलब्ध नहीं कराई गई। चाबी उपलब्ध नहीं होने तथा निरीक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित गोडाउन को सील किया गया। इसके पश्चात भोलाराम देवांगन द्वारा दूरभाष पर संपर्क कर यह जानकारी दी गई कि उक्त गोडाउन के भीतर लगभग 350 बोरी धान का भंडारण किया गया है। निरीक्षण एवं पूछताछ के दौरान उनके द्वारा धान भंडारण से संबंधित किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज, अनुज्ञा पत्र अथवा ▶▶| शेष पेज 05 पर



### अवैध धान भंडारण, अवैध खरीदी-बिक्री पर होगी कठोर कार्रवाईः जिला प्रशासन

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धान भंडारण, अवैध खरीदी-बिक्री एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मौके पर जिला खाद्य अधिकारी ओंकार सिंह ठाकुर, नोडल सहकारी बैंक प्रतिनिधि राजेंद्र वारे, नायब तहसीलदार जयंत पटले एवं मंडी विभाग की टीम उपस्थित रही। जिला प्रशासन द्वारा समस्त व्यापारियों एवं कृषकों से अपील की गई है कि धान उपार्जन, भंडारण एवं विक्रय संबंधी सभी कार्य शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही करें, अन्यथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### धान उपार्जन केंद्र एवं वैकल्पिक फसलों का कृषि विभाग द्वारा सघन निरीक्षण



**बेमेतरा।** कृषि क्षेत्र में फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को अधिक लाभकारी एवं कम जल खपत वाली खेती की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आज उप संचालक कृषि, बेमेतरा श्री मोरध्वज डड़सेना द्वारा जनपद नवागढ़ अंतर्गत विभिन्न कृषि गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्र बुंदेला (नवागढ़) सहित कई ग्रामों में चल रही वैकल्पिक फसल योजनाओं एवं फसल प्रदर्शनों का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत धान उपार्जन केंद्र बुंदेला से की गई, जहां श्री डड़सेना ने धान विक्रय व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, भुगतान स्थिति एवं किसानों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। केंद्र में उपस्थित कृषकों से सीधे संवाद कर धान उपार्जन से संबंधित समस्याओं, अनुभवों एवं सुझावों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उप संचालक कृषि ने किसानों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए बताया कि सीमित जल संसाधनों को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर कम पानी में अधिक लाभ देने वाली वैकल्पिक फसलों को अपनाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने फसल परिवर्तन के महत्व, लागत में कमी, उत्पादन जोखिम में घटाव तथा आय वृद्धि के पहलुओं पर किसानों को विस्तार से जानकारी दी।▶▶| शेष पेज 05 पर

# 35 पाव देशी मसाला शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आबकारी वृत्त नवागढ़ द्वारा अवैध देशी मसाला मदिरा के धारण व विक्रय के एक गैर-जमानती प्रकरण में बड़ी कार्रवाई की गई है।

- जब्त शराब का कीमत 3500 रुपए

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी स्टाफ ने ग्राम मुरकुटा (कुंरा) बदनारा रोड किनारे दबिश दी। मौके पर गवाहों की उपस्थिति में तलाशी लेने पर आरोपी संतराम यादव पिता भंगी राम, जाति राऊत, उम्र 65 वर्ष, निवासी मुरकुटा कुंरा थाना नांदघाट, जिला बेमेतरा के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में रखी 35 पाव देशी मसाला मदिरा बरामद की गई। प्रत्येक शीशी 180 एमएल की थी, जिसकी कुल मात्रा 6.3 लीटर आंकी गई। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 3500 रुपए बताया गया है। जांच के पश्चात मौके पर ही मदिरा को सीलबंद कर आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आबकारी विभाग ने बताया कि वृत्त नवागढ़ क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व 18 दिसंबर शुष्क दिवस को ग्राम झाल नवागढ़ निवासी दिनेश विश्वकर्मा के अंडा-चखना ठेला से 9.36 लीटर मदिरा अनुमानित मूल्य 5200 रुपए जब्त की गई थी।

कार्रवाई में आबकारी वृत्त प्रभारी उपनिरीक्षक सहदेव मरकाम, उपनिरीक्षक दयालाल साहू वृत्त , आबकारी आरक्षक संतोष अहिरवार एवं वाहन चालक पूर्णानंद सोम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# केवाईसी के नाम पर सैकड़ों लोगों के राशन में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर में खाद्य विभाग की केवाईसी लोगों को अच्छी खासी परेशानी में डाल रही है । जबकि शासन खुद राशन कार्ड बनाने के समय सभी दस्तावेज हितग्राहियों से मांगती है।

- बुजुर्ग और निशक्तजन राशन से वंचित, ऑनलाइन डाटा मौजूद होने के बावजूद भी रुका राशन

नगर में केवाईसी के नियमों के कारण निशक्तजन, बीमार और बुजुर्ग को राशन न मिलने से परेशान है। जबकि खाद्य विभाग खुद सैकड़ो अपात्रों का राशनकार्ड बना चुका है। राशनकार्ड को कर चुका है और शासन को करोड़ों का चुना लगा चुके है। जबकि केवाईसी के नाम पर गरीबों का राशन रोक दिया गया है । छत्तीसगढ़ खाद्य अधिनियम 2012 के अनुसार इसे गरीबों का अधिकार एवं गारंटी का नाम दिया गया है ।

वृद्धों का थंब इंप्रेशन भी नहीं मिलने से उन्हें बहुत परेशानी हो रही है। कई घरों में निशक्त, बुजुर्ग और बीमार लोग हैं कई तो अस्पतालों में भर्ती हैं जिन्हें केवाईसी के नाम पर राशन नहीं दिया जा रहा है उनकी समस्या के हल के लिए सही नियमों की जानकारी भी शासन के द्वारा उन तक नहीं पहुंचा ज रहा है। जिसके कारण सैकड़ो हितग्राही राशन से वंचित हो गए हैं। जिसके कारण जरूरतमंदों को अच्छी खासी परेशानी हो रही है। शासन द्वारा राशनकार्ड के सारे कागजात को ऑनलाइन किया गया है । नए कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मतदाता परिचय पत्र, फोटो, आदि लिया जाता है । तत्पश्चात शासन कागजों की पूर्णता जांच करती है एवं सीधे ऑनलाइन डाटा खाद्य ▶▶| शेष पेज 05 पर

### नगर के आंकड़े

परपोड़ी नगर में खाद्य विभाग के अनुसार कुल 1235 राशन कार्ड धारी है जिनमें अंत्योदय राशन कार्ड धारी की कुल संख्या 174, निराश्रित राशन कार्ड धारी की कुल संख्या 38, अन्नपूर्णा राशन कार्ड धारी की संख्या निरंक, प्राथमिकता वाले राशन कार्ड धारी की कुल संख्या 815, निशक्त राशन कार्ड धारी की कुल संख्या 04 एवं एपीएल राशन कार्ड धारी की कुल संख्या 204 है। इस प्रकार शासन के नियमों के अनुसार राशन कार्ड में अंकित सभी सदस्यों का केवाईसी होना आवश्यक है लेकिन नियमों की सही जानकारी नहीं होने से लोगों को अच्छी खासी परेशानी हो रही है जिसका शासन के खाद्य अमले द्वारा उचित निराकरण नहीं किया जा रहा है ।

### अधिनियम में है पोषण सुरक्षा

छत्तीसगढ़ खाद विभाग के 2012 के अधिनियम में लोगों के लिए पोषण सुरक्षा की बात कही गई है । जिसके अनुसार सिर्फ खाद्यान्न नहीं बल्कि बच्चों, गर्भवती महिलाओ और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण मानवों ( कैलोरी और प्रोटीन ) का भी ध्यान रखता है लेकिन केवाईसी के नाम पर सीधे राशन में कटौती के कारण महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है ।

### क्या कहते हैं अधिकारी

नगर पंचायत कार्यालय में नियमों के अनुसार राशन कार्डधारीयो की समस्या का निराकरण किया जाएगा। अन्य जानकारी खाद विभाग ही बता पाएगा।

- विनीत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, परपोड़ी

परपोड़ी राशन दुकानों में लिखित रूप से केवाईसी के लिए आदेश जारी नहीं किया गया है। समाचार पत्रों से जानकारी दी गई थी।

- अमित तिवारी, खाद्य अधिकारी, साजा

## साजा में युवक की हत्या गांव में फैली सनसनी



**साजा।** शहर की सरहद से लगे ग्राम जाता में बुधवार सुबह तीन बजे युवक की हत्या की खबर से सनसनी फ़ैल गयी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जाता में जयंती पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें कुछ वाद विवाद हुआ कुछ देर बाद कार्यक्रम स्थल से 100 मीटर दूर बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर नरेश डेहरे (23) पड़ा हुआ था।

जिसे उसके बड़े भाई अरुण व सरपंच अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृघोषित कर दिया मृतक के सर पर चोट के निशान थे घटना की जानकारी लगते हैं पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया तत्काल पुलिस बल घटनास्थल रवाना हुआ आला अधिकारी भी घटना स्थल पहुंचे आसपास पूछताछ के बाद संदेह में गांव के अश्वनी सतनामी पिता रोहित सतनामी 20 साल ग्राम जाता को पुलिस ने हिरासत में लिया जहां आरोपी से पूछताछ जारी है।

# परपोड़ी में उपसरपंचों के मानदेय में हो रहा भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

त्रिस्तरीय पंचायती राज के तहत जिलापंचायत,जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं। ग्राम की समुचित विकास एवं गाँधी जी की पंचायती राज की सुनहरे सपने की साकार करने आरक्षण लागू हुआ है।

- उपसरपंच संघ गठन ने की मांगा न्याय

चुनाव में निर्वाचित होने के बाद शासन द्वारा प्रत्येक पंचायत स्तर पर प्रतिनिधियों का मानदेय निर्धारित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया है। जिसमें उपसरपंचों के मानदेय निर्धारण में भेदभाव कर उन्हें उपेक्षित किया गया है, साथ उन्हें कोई भी अधिकार नहीं दिया गया है। जानकारी के अनुसार मानदेय निर्धारण हेतु प्रदत्त दण्ड में जिला पंचायत अध्यक्ष को 25,000 रुपए, जिलाउपाध्यक्ष को 15000 रुपए एवं जिला पंचायत सदस्य को 10000रुपए ,जनपद के अध्यक्ष को 10000रुपए, उपाध्यक्ष को 6000 एवं जनपद सदस्य को 5000 प्रतिमाह रखा गया है। वही पंचायत राज की नीव रखने वाले महत्त्व पूर्ण कड़ी ग्राम पंचायत के मानदेय में विसंगति नजर आती है। ग्रामपंचायत के सरपंच को 4000रुपए, उपसरपंच को 500/रु एवं पंच को भी 500रुपय मानदेय प्रतिमाह तय किया गया है। जिलापंचायत एवं जनपद पंचायत के तीनों स्तर में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का अलग-अलग पद हेतु मानदेय अलग-अलग निर्धारित है।परन्तु ग्राम पंचायत के साथ भेदभाव करते हुए उपसरपंचों पचों का मानदेय बराबर रखकर उपसरपंचों के साथ भेदभाव व उपेक्षा किया जाना प्रतीत होता है। विधि अनुसार जिला-जनपद के तर्ज पर सरपंच, उपसरपंच,पंचों का भी अलग अलग पद हेतु अलग-अलग मानदेय तय किया जाना था।

ग्रामपंचायत भाटगांव के उपसरपंच खम्हनसिंह राजपूत ने मानदेय में हो रहे भेदभाव की गंभीरता ▶▶| शेष पेज 05 पर

## पेचवर्क में भारी अनियमितताएं, कहीं डामरीकरण तो कहीं गड्ढे-दरारें

# 5-6 साल बाद शुरू हुई खिसोरा सड़क की मरम्मत, लोनिवि की कार्यप्रणाली पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) साजा अंतर्गत ब्लॉक बेरला क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मुख्य मार्ग से खिसोरा सड़क मरम्मत 5–6 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद शुरू तो हुई, लेकिन शुरू होते ही यह कार्य विवादों में घिर गया है। सड़क पेचवर्क के नाम पर की जा रही मरम्मत में गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। कहीं आधा-अधूरा डामरीकरण किया गया है, तो कई स्थानों पर पुरानी दरारें और गड्ढे जस के तस मौजूद हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानकों को दरकिनार कर केवल लीपापोती की जा रही है, जिससे यह मरम्मत स्थायी होने के बजाय जल्द ही फिर से सड़क की हालत बदतर कर देगी।

ग्रामीणों का कहना है कि खिसोरा मार्ग की स्थिति पिछले कई वर्षों से बेहद जर्जर थी। पैदल चलना तक मुश्किल हो गया था, वहीं साइकिल और दोपहिया वाहन चालकों को रोज़ जोखिम उठाना पड़ता था। रात के समय इस मार्ग से गुजरना और भी खतरनाक हो जाता था। सड़क मरम्मत को लेकर क्षेत्रवासियों ने कई बार मांग उठाई, लेकिन लंबे समय तक न तो विभाग और न ही ठेकेदार की ओर से कोई ठोस पहल नजर आई। अंततः वर्षों बाद जब मरम्मत कार्य शुरू हुआ, तो लोगों को राहत की उम्मीद जगी, मगर काम की गुणवत्ता देखकर वे निराश हो गए।



### आरोपः नियमित देखरेख के बिना हो रहा काम

मौके पर देखने पर साफ नजर आता है कि सड़क के कई हिस्सों में पहले धूल और गिट्टी डालकर उसके ऊपर डामर की बेहद पतली परत छिड़क दी गई है। न तो समुचित सफाई की गई और न ही तकनीकी प्रक्रिया का पालन होता दिख रहा है। आरोप है कि ठेकेदार की नियमित देखरेख के बिना मजदूरों के भरोसे कार्य कराया जा रहा है, जिससे घटिया निर्माण और गुणवत्ताहीन पेचवर्क सामने आ रहा है। यह स्थिति पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है।

### कुछ महीनों में ही फिर से टूट-फूट का शिकार होगी सड़कः स्थानीय

स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने वर्षों बाद मिली मरम्मत भी अगर केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई, तो कुछ ही महीनों में सड़क फिर से टूट-फूट का शिकार हो जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार चंद रुपये बचाने के चक्कर में नियमों और मापदंडों की खुलेआम अनदेखी कर रहा है। कहीं सड़क चमकती दिखती है तो कुछ ही दूरी पर बड़े-बड़े गड्ढे और दरारें नजर आती हैं, जो साफ तौर पर कार्य की असमानता और लापरवाही को उजागर करती हैं।

### क्षेत्रवासियों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

इस पूरे मामले ने सड़क संधारण कार्यों की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा इस मरम्मत कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस मार्ग पर टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण सड़क मिल सके।

## खबर संक्षेप

### राउत नाचा छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की अमूल्य धरोहर : विकास दीवान

**नवागढ़।** शुकुल पारा नवागढ़ में यादव समाज द्वारा पारंपरिक आस्था, लोकसंस्कृति और सामाजिक समरसता के प्रतीक मड़ई मातर का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र लोकपर्व के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत परघा कार्यक्रम से हुई, जिसने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर यादव समाज के लोगों ने ढोल–नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक राउत नाचा करते हुए नवागढ़ नगर के प्रधान विकास धर दीवान को उनके निवास से परघा कार्यक्रम स्थल तक पूरे सम्मान के साथ अगवानी करते हुए लाया। राउत नाचा की ऊर्जावान प्रस्तुतियों और लोकगीतों के बीच निकली यह परघा यात्रा ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर अतिथि का स्वागत किया गया, वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण इस सांस्कृतिक दृश्य के साक्षी बने।कार्यक्रम स्थल पर विधिविधान से मड़ई मातर की पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि विकास धर दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि मड़ई मातर और राउत नाचा छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ हमारी परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने यादव समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए बधाई दी। आयोजन में रोशन धर दीवान, तनु दीवान, सांई दीवान, जीवन यादव, दऊवा यादव, बुलटू यादव, लतेल यादव, फत्ते यादव, सतेलु यादव, सतानन्द यादव, संतोष यादव, अशोक यादव, अजय यादव, कार्तिक, खेलावन, राजेंद्र, शुभम, अप्पू, प्रिंस, भागवत सोनकर, मिथलेश सोनकर, गिरधारी सोनकर, सुभाष सोनकर, रोहित, जुगरु साहू, रामनाथ ध्रुव, छन्नू सोनकर, शंकर सोनकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन, वरिष्ठजन, युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### महाराजपुर मंडई दो को

**चिचोला।** महाराजपुर में नववर्ष के अवसर पर 2 जनवरी को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगो के मनोरंजन के लिए रंगधारा ओनवा रावेली के कार्यक्रम का मंचन होगा। इसी क्रम में 4 जनवरी को रामचरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है।

### मानस गायन स्पर्धा 10 से

**पटेवा।** पटेवा में आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया गया है। जिसमें ख्याति प्राप्त 20 मानस मंडलियों को प्रवेश दिया गया है।

### दाखिला बढ़ाने दिया गया मार्गदर्शन

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सह प्रांत प्रमुख चिंताराम साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुदामाराम साहू, जिला अध्यक्ष ग्राम भारती बुंदा वर्मा, तिलक सिन्हा, अनिल साहू, पूनमचंद साहू के अलावा 19 प्रधानाचार्य शामिल हुए।

**स्पर्धा :** ग्वालियर में 2 से 7 जनवरी तक आयोजित होगी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

# बारगांव विद्यालय की तन्नू बेग हॉकी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगी अपना दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बारगांव की बेटी आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है व अपनी कड़ी मेहनत और परिश्रम व लगन से अपनी प्रतिभा के दम पर सफलता के नए – नए आयामों को छू रही है और साथ ही अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर अपने गांव,जिला व राज्य का नाम रोशन कर रही है स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69 वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता बालिका वर्ग 19 का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य के ग्वालियर शहर में दिनांक 2 से 7 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है।

जिसमें जिला बेमेतरा के अंतर्गत विकासखण्ड बेरला के शास. उच्च. माध्य.विद्यालय बारगांव की कक्षा 11 वी की छात्रा तन्नू बेग का चयन हॉकी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है जहां वे छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी ग्रामीण अंचल से ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होना गांव सहित जिले के लिए गौरांवित का पल है



### राष्ट्रीय स्तर पर हुआ ग्रामीण अंचल से खिलाड़ी का चयन

दंगल फिल्म के डायलॉग हमारे गांव की छोरियां छोरे से कम ना है को ग्रामीण अंचल से ग्राम बारगांव की बेटी तन्नू बेग ने साबित कर दिखाया अपने माता पिता के सहयोग व व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू के मार्गदर्शन में नियमित हॉकी खेल का अभ्यास कर गुण सिख अपने खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर चयनित होकर अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराया।

### माता– पिता ने देखा सपना बेटी ने किया पूरा

खिलाड़ी तन्नू बेग की माता जलीलुन बी एक गृहिणी है और पिता रहमान बेग एक कृषक है,वे अपने बेटी को हॉकी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर खेलते देखना का उनका सपना था आज उनका यह सपना उनकी बेटी ने कड़ी मेहनत और लगन से पूरा करके दिखाया।

**राज्य स्तर पर किया था अपने उम्दा खेल कौशल का प्रदर्शनः** जिला राजनादगांव में आयोजित 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में खिलाडी तन्नू बेग ने अपनी उम्दा खेल कौशल का परिचय देते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित कर सराहना प्राप्त की और अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुर्ग संभाग की टीम को स्वर्ण पदक जीताने में अहम भूमिका निभाई और अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा की पहचान से राष्ट्रीय स्तर चयनित होने का गौरव प्राप्त किया।

### मेरी प्रेरणा और शक्ति मेरी कोच है

खिलाड़ी तन्नू बेग ने बताया कि मेरी प्रेरणा और मेरी शक्ति मेरी व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू है जिनके कड़ी मेहनत और कुशल मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच पाना संभव हो पाया कोच के द्वारा नियमित सुबह/शाम हॉकी खेल का अभ्यास कराना व टिम वर्क,खेल भावना,अनुशासन के बारे में बताना कोच के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था।

### भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा बन देश के किए मेडल जीतना

खिलाड़ी तन्नू बेग का सपना है कि अपनी कड़ी मेहनत और खेल में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा बन ओलंपिक खेल में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना और अपने गांव,जिला,प्रदेश व देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराना।

### खेल जीवन का अभिन्न हिस्साः कोच

व्यायाम शिक्षिका व कोच तुलसी साहू ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है,खेल हमे अनुशासन और एकता का संदेश देता है,हॉकी खेल का जुनून बारगांव की मिट्टी में रचा–बसा है,यह एक गौरव क्षण है कि विद्यालय की छात्रा हॉकी खिलाड़ी तन्नू बेग का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है,जहां वे मध्यप्रेश के ग्वालियर शहर में आयोजित राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी,इनकी कड़ी मेहनत और परिश्रम का सुखत परिणाम है,राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना गर्व और प्रेरणा का क्षण है,क्योंकि इससे इनकी खेल यात्रा को नया आयाम मिलेगा और कठिन परिश्रम,अनुशासन व नियमित अभ्यास के बल पर भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का प्रतिनिधित्व करने मौका मिलेगा इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से हॉकी खिलाड़ी भाग लेंगे और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच खिलाड़ी तन्नू बेग के प्रदर्शन पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी। **विद्यालय के लिए यह एक ऐतिहासिक पलः प्राचार्य :** विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने कहा कि कक्षा 11 वी की छात्रा तन्नू बेग का चयन हॉकी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर होना विद्यालय के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है,विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू के कड़ी मेहनत और परिश्रम व कुशल मार्गदर्शन में छात्र/छात्राएं निरंतर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है और नई कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है,सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने छात्रा की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कमाना की।



## 11 सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की मांग फेडरेशन ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल की चेतावनी

जिला कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन ने शासकीय सेवकों की 11 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा है। 29, 30 व 31 दिसंबर के तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के अंतिम दिन जयस्तंभ चौक धरना स्थल पर जोशीले नारों और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ आंदोलन का समापन किया गया।

फेडरेशन के जिला संयोजक व महासचिव अश्वनी बनर्जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई भत्ता देय तिथि से भुगतान, लंबित एरियर्स सहित अन्य मांगों को लेकर पहले चरण में 16 जुलाई 2025 व 22 अगस्त 2025 को कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद शासन द्वारा अब तक मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय नहीं लिया गया, जिससे कर्मचारियों–अधिकारियों में गहरा असंतोष है। धरना स्थल पर विभिन्न संगठनों के वक्ताओं ने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल के लिए बाध्य होगा। बनर्जी ने धरने के कारण आम जनता व किसानों को हुई असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया। अंतिम दिवस पर शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे एवं रामकुमार टंडन ने गीत–संगीत के माध्यम से आंदोलनकारियों का उत्साहवर्धन किया।

### ये रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन में नानक साहू, के.एस. परते मीडिया प्रभारी, धर्मेन्द्र शर्मा तृतीय वर्ग प्रांतीय उपाध्यक्ष, संतोष नामदेव प्रांतीय सचिव, जी.एल. खुटियारे जिलाध्यक्ष, शिक्षक संघ, हितेन्द्र सिन्हा, नलेश्वर साहू, एस.पी. कोशले, सुधीरहरि श्रीवास्तव, के.पी. तिवारी, कमलेश सिंह बिसेन, जे.के. घृतलहरे डाइट प्राचार्य, डॉ. कमल कपूर बंजारे, आर.के. वर्मा, राजपुरोहित ब्लॉक संयोजक साजा, विजय डोरे, राजेंद्र कुमार घृतलहरे, कमलेश शर्मा, चंद्रमौली त्रिपाठी, राजेश सोनी, केहरसिंह साहू, निर्जल डिंडोरे सहित अनेक विभागों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज को मिला नया प्रदेश उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज का प्रांतीय निर्वाचन 28 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह निर्वाचन राज्य के प्रमुख संभाग केंद्रों—रायपुर (रायपुरा), दुर्ग (कोहका), बस्तर (जगदलपुर) तथा बिलासपुर–सरगुजा (बिलासपुर) में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के आजीवन सदस्य, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों सहित कुल 13 प्रतिनिधियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस निर्वाचन में पूर्व प्रदेश महासचिव बोधी राम निषाद को समाज ने प्रबल विश्वास जताते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 598 मतों के भारी अंतर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। उनकी इस ऐतिहासिक जीत से बेमेतरा जिला सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ निषाद समाज में खुशी और उत्साह का माहौल है।

बोधी राम निषाद बाल्यकाल से ही सामाजिक पृष्ठभूमि में पले-बढ़े हैं और लंबे समय से समाज के प्रति समर्पित भाव से सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रियता, संगठनात्मक अनुभव और समाज के प्रति निष्ठा का ही परिणाम है कि समाज ने उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुना। उनकी जीत पर बेमेतरा जिला से जिलाध्यक्ष दिलीप निषाद, जिला उपाध्यक्ष कमलेश निषाद, शिव निषाद, कोषाध्यक्ष कंसराम निषाद, सचिव नरेंद्र निषाद, संगठन सचिव रेवा राम निषाद, प्रदेश संगठन सचिव रहे अशोक निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष टीकू निषाद, रामवतार निषाद, महेश निषाद, दुखम निषाद, धनाजी लाल निषाद, ज्ञान प्रसाद निषाद, गिरधारी निषाद, करुणा निषाद, नेमा निषाद, सम्मन निषाद, सुरेश निषाद, रमेश निषाद, भगवानी निषाद सहित छत्तीसगढ़ भर के सामाजिक गणमान्य नागरिकों एवं सर्व समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देकर आशीर्वाद प्रदान किया।

### ये पूरे छत्तीसगढ़ निषाद समाज की हैः निषाद

अपनी जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बोधी राम निषाद ने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि बेमेतरा जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ निषाद समाज की है। उन्होंने समाज द्वारा दिए गए इस अवसर के लिए आभार जताते हुए कहा कि वे समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सेवा करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में समाज को संगठित कर सतत कार्य किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री के एक वृक्ष-मां के नाम संकल्प को जनअभियान बनाएगा भाजपा महिला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिले के मंडलों में पौधारोपण अभियान चलेगा आज

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के जन्मदिन 1 जनवरी को सेवा एवं संस्कार के रूप में मनाते हुए भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा जिले में व्यापक पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान संचालित करेगा।

महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने मंडलों में ऐसे विद्यालय परिसरों या मंदिरों का चयन करें ,जहां बाउंड्री वॉल हो, पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो तथा छात्र समुदाय,स्थानीय महिलाओं की सहभागिता हो ,वहीं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प "एक वृक्ष ,माँ के नाम" को आगे बढ़ाने का एक सशक्त सामाजिक-आंदोलन का प्रयास है। प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि "भाजपा महिला मोर्चा केवल संगठन नहीं, राष्ट्र निर्माण की संवाहक शक्ति है। हम मातृशक्ति के नेतृत्व में प्रकृति, संस्कृति और समाज तीनों के संरक्षण का संकल्प लेकर चल रहे हैं।" प्रज्ञा निर्वाणी केन्द्रीय विद्यालय मोहतरा एवं राम जानकी मंदिर नवागढ़ में में आयोजित प्लांटेशन ड्राइव में सहभागिता करेंगी तथा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा दिलाएँगी।



### संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करें

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया हर कार्यकर्ता एक पौधा "माँ के नाम" लगाये ,पौधों की सुरक्षा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी ले। साथ ही साथ विद्यालय एवं समाज की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं,बल्कि मातृशक्ति, संस्कार, सेवा और सृजन का उत्सव है।

## टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का समापन जिमी इलेवन बनी विजेता टीम



**साजा।** मुग़लाटोला में स्वर्गीय गोदावरी वर्मा की स्मृति में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवम् समापन समारोह सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवम् आयोजन में प्रथम विजेता रहे जिमी इलेवन टीम को प्रथम पुरस्कार 150000 रुपए व कप एवम् उपविजेता रहे अंकुश इलेवन को 65000 व कप प्रदत किया गया , वही सभी खिलाड़ियों की भी उज्वल भविष्य की कामना करते हुए , श्री संतोष वर्मा ने आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से ईश्वर वर्मा सरपंच बीजागोंड , अंजोर यदु, बलकरण वर्मा, राजेंद्र सिंह चौहान, रोहित वर्मा, आयुष यदु , प्रदुम्न वर्मा, जितेंद्र वर्मा आयोजक समिति के खिलाड़ी गण उपस्थित थे।

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनकरने हेतु जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ पेयजल संरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा संपूर्ण बेमेतरा जिले को 01 जनवरी 2026 से 30 जून 2026 अथवा मानसून के आगमन तक (जो भी बाद में हो) जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।यह निर्णय जिले में गिरते भू-जल स्तर, संभावित जल संकट तथा आम नागरिकों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

उक्त अवधि के दौरान छत्तीसगढ़ पेयजल संरक्षण अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी नया नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही पेयजल के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए भी नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, शासन की आवश्यक सेवाओं को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल प्रयोजन हेतु अपने-अपने नगरीय सीमा क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। किंतु इन संस्थाओं को खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी।

### नलकूप खनन अनुमति हेतु प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, बेमेतरा – बेमेतरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बेमेतरा – राजस्व अनुविभाग बेमेतरा क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नवागढ़ – राजस्व अनुविभाग नवागढ़ क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा – राजस्व अनुविभाग साजा क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बेरला – राजस्व अनुविभाग बेरला क्षेत्र प्राधिकृत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक होने पर शपथ पत्र एवं निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करेंगे।

### नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

यदि किसी व्यक्ति अथवा एजेंसी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से नलकूप खनन किया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि जल संरक्षण में सहयोग करें, अनावश्यक जल दोहन से बचें तथा नियमों का पालन कर जिले को संभावित जल संकट से बचाने में सहभागी बनें।

**नववर्ष पर 65 प्रतिशत घरों तक पहुंची स्मार्ट मीटर की सुविधा**

# स्मार्ट बिजली के साथ 2026 का स्वागत करेंगे रीजन के उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नववर्ष 2026 की शुरुआत दुर्ग रीजन के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता और बेहतर विद्युत सेवाओं की सौगात लेकर आ रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) दुर्ग क्षेत्र द्वारा संचालित स्मार्ट मीटर परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 65 प्रतिशत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को बिजली खपत की सटीक, रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध हो रही है।

दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिलों में कुल 9 लाख 80 हजार बिजली उपभोक्ताओं में से अब तक 5 लाख 71 हजार से अधिक परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। तीनों जिलों में बड़े पैमाने पर हुए इस कार्य से यह स्पष्ट है कि दुर्ग रीजन स्मार्ट बिजली व्यवस्था की ओर तेज़ी से अग्रसर है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता हर आधे घंटे में बिजली खपत का विवरण देख सकते हैं, जिससे ऊर्जा का किफायती और विवेकपूर्ण उपयोग संभव हो सका है। दुर्ग रीजन में निम्नदाब उपभोक्ताओं के यहां लगाए गए स्मार्ट मीटरों की संख्या इस प्रकार है—



भिलाई शहर पश्चिमः 62,075, भिलाई पूर्वः 48,968, दुर्ग शहरः 59,244, बालोदः 1,03,696, दुर्ग ग्रामीणः 73,058, बेमेतराः 53,556, साजाः 52,131, अहिवाराः 53,196, पाटनः 65,152।

**सटीक रीडिंग, समय पर बिल और बेहतर सेवाएंः** जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां मीटर रीडिंग और बिलिंग पूरी तरह सटीक व समयबद्ध हो रही है। मानवीय त्रुटियों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं को पारदर्शी और भरोसेमंद सेवा मिल रही है।

### मीटर रीडर से मुक्ति, मोबाइल पर पूरी जानकारी

स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अब मीटर रीडर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रीडिंग स्वतः विभाग तक पहुंच जाती है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर की स्थिति में सुरक्षा निधि जमा करने की बाध्यता भी समाप्त हो जाएगी। बैंक खाते की तरह उपभोक्ता के मोबाइल पर बिजली खपत और शेष राशि की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

### टीओडी टैरिफ और भविष्य की सुविधा

भविष्य में 10 किलोवॉट से अधिक भार वाले निम्नदाब उपभोक्ताओं को टीओडी (टाइम ऑफ डे) टैरिफ के अंतर्गत बिलिंग की सुविधा मिलेगी, जिसमें तय समय पर बिजली उपयोग करने पर दरों में राहत का प्रावधान होगा। यह सुविधा स्मार्ट मीटर के माध्यम से ही लागू की जा सकेगी। भारत सरकार के विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के मीटरिंग कोड और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के नियमों के तहत सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलना अनिवार्य किया गया है। यह कार्य आरडीएसएस योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर किया जा रहा है।

### मुख्य अभियंता की अपील

सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपना मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराएं, ताकि मीटर से जुड़ी सूचनाएं एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से मिल सकें। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता 'मोर बिजली ऐप' के जरिए दैनिक खपत, बिल और अन्य सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह निःशुल्क लगाए जा रहे हैं और जीनस कंपनी के कर्मचारी अधिकृत पहचान पत्र के साथ कार्यालयीन समय में ही कार्य कर रहे हैं। शेष उपभोक्ताओं के यहां भी तेजी से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और नई व्यवस्था से उपभोक्ता संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### औंधी क्षेत्र को आज मिलेगी नई सौगात

**औंधी।** नए साल के आगमन के साथ ग्राम एक नई करवट लेने वाला है। दशकों तक दूरी और दुर्गमता की पहचान रखने वाला इस क्षेत्र में प्रशासन अब लोगों के करीब हो जाएगा। कल एक जनवरी का सभी नए साल का स्वागत करेंगे तब औंधी के 114 गांवों के ग्रामीणों को तहसील कार्यालय भवन सौगात के रूप में मिलेगा। इसकी शुरूवात के बाद ग्रामीणों की सालों पुरानी उम्मीद साकार रूप लेगी। उल्लेखनीय है कि अंचल के लोगों को राजस्व संबंधी काम के लिए अब तक 70 किमी की दूरी तय करना पड़ता था।

### विशिष्ट सेवा वाले युवाओं का सम्मान

**चिचोला।** नागरकोहरा में बीते दिनों सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वह युवा जो सेना, शिक्षा, पुलिस, पंचायत विभाग में सेवा दे रहे है का सम्मान रामचरित मानस प्रचार समिति ने किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे।

## आयोजन : कबीर के प्रवचन से हुए प्रफुल्लित

# महंत राजूदास साहेब ने सत्संग में सदगुरु महिमा का किया बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



ब्लॉक बेरला के ग्राम मनियारी में त्रिदिवसीय श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। महंत राजूदास साहेब द्वारा सत्संग प्रवचन में सद्गुरु कबीर की महिमा व दोहा को विस्तार से बताया गया। ग्राम मनियारी के सभी संतप्रेमी व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गुरु महिमा पाठ का आनंद लिया गया।

महंत राजूदास साहेब ने कहा कि सद्गुरु कबीर की गुरु महिमा और सत्संग प्रवचन का सार यह है कि सच्चा गुरु याने सतगुरु ईश्वर से भी बढ़कर है, क्योंकि वही भवसागर पार कराता है; बिना गुरु के भक्ति अधूरी है, वे आडंबर छोड़कर मानवता और आत्म-ज्ञान का मार्ग दिखाते हैं। उनके उपदेशों जैसे 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े' साखी में परम सत्य छिपा है। जिसे केवल अनुभव से समझा जा सकता है, न कि सिर्फ पढ़कर।

गुरु महिमा ईश्वर से भी श्रेष्ठ है। कबीर कहते हैं कि ईश्वर और गुरु दोनों सामने हों, तो पहले गुरु को प्रणाम करना चाहिए, क्योंकि गुरु ने ही ईश्वर से मिलवाया है। भवसागर पार कराने वाले सच्चे गुरु की कृपा से ही जीव जन्म-मृत्यु के चक्र से निकल पाता है। केवल ईश्वर की भक्ति करने वाले भवसागर में ही रह जाते है। अतुलनीय सात समुद्रों की स्याही और पूरी पृथ्वी के कागज़ से भी गुरु के गुण नहीं लिखे जा सकते। इसके अलावा कबीर की वाणी कबीर, हरि के नाम बिना, राजा ऋषभ होए, माटी लड़ै कुम्हार कै, घास ना डाला कोए। कबीर साहब कह रहे हैं कि ईश्वर के नाम के बिना, एक राजा गधे के समान हो जाएगा, जहाँ एक कुम्हार उससे अंतहीन काम करवाएगा और कोई उसे भोजन (घास) नहीं देगा। इसी के चलते सभी सत्संग प्रेमियों ने आनंदमय होकर कबीर के कथा व प्रवचन को ध्यान से सुनकर आनंदित हुए।

# राजधानी रायपुर में राष्ट्र स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए एक बड़ा सामाजिक आयोजन राजधानी रायपुर में होने जा रहा है। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी रायपुर के तत्वावधान में 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से राजधानी स्थित शहीद स्मारक भवन राजटॉकीज के सामने राष्ट्र स्तरीय विशाल सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में सतनामी समाज के युवक-युवतियां अपने परिजनों के साथ शामिल होंगे।

आयोजन समिति अध्यक्ष के.पी. खण्डे, मुख्य प्रवक्ता चेतन चंदेल एवं प्रदेश प्रतिनिधि खेमसिंह बारले ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन राजधानी रायपुर में लगातार दसवें वर्ष आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के दिन सुबह से ही पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जिसके लिए तीन विशेष काउंटर बनाए जाएंगे।

- देशभर से जुटेंगे सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियां

पंजीयन केवल विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए ही नहीं, बल्कि समाज की विधवा, विधुर एवं वैध तलाकशुदा महिला-पुरुषों के लिए भी खुला रहेगा। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी अथवा उनके परिजनों को कार्यक्रम स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। यहां उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य परामर्श के साथ आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सम्मेलन स्थल पर सभी आगंतुकों के लिए चाय, नाश्ता एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही आयोजन समिति की महिला सदस्य दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर अधिक से अधिक वैवाहिक रिश्ते तय कराने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

सभी पंजीकृत प्रतिभागियों का रंगीन फोटोयुक्त बायोडाटा सतनामी समाज की वैवाहिक पत्रिका "बंधन" में प्रकाशित किया जाएगा। आयोजन समिति ने सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावकों से इस राष्ट्र स्तरीय परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ उठाने की अपील की है।

## बाल विवाह उन्मूलन का लिया संकल्प

**जेवरतला रोड।** महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल विवाह उन्मूलन अभियान के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा 11वीं की पल्लवी, पायल, साधना, देविका, दिव्या, हिमानी, ललिता, लीलम, निधि ने एक संदेश परक नुक्कड़ नाटक व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य टी एल देवांगन ने कहा कि बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने पर जोर दिया।

## पेज 3 के शेष

### अवैध धान भंडारण पर मुलमुला ...

अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा पंचनामा तैयार किया गया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

### धान उपार्जन केंद्र एवं वैकल्पिक ...

सीड असिस्टेंस योजना अंतर्गत चना प्रदर्शन का निरीक्षणः इसके पश्चात श्री डड़सेना द्वारा ग्राम नांदघाट में सीड असिस्टेंस योजना के अंतर्गत लगाए गए चना फसल प्रदर्शन का निरीक्षण किया गया। खेत में फसल की बढ़वार, पौधों की स्थिति, रोग-कीट प्रबंधन एवं उत्पादन संभावनाओं का अवलोकन करते हुए उन्होंने कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान कृषक श्री आजूराम निषाद ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने गत वर्ष पूरे 3.5 एकड़ क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की थी, जिसमें अधिक सिंचाई लागत एवं जोखिम रहा।

वहीं इस वर्ष उन्होंने पूरे रकबे में चना फसल की खेती अपनाई है, जिससे सिंचाई की आवश्यकता कम हुई है और फसल की स्थिति भी संतोषजनक है। उप संचालक कृषि ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य किसानों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया।

**ग्राम गिधवा में मटर एवं मेढ़ों पर अरहर फसल का अवलोकनः** निरीक्षण क्रम में ग्राम गिधवा में मटर फसल एवं खेतों की मेढ़ों पर अरहर फसल का भी अवलोकन किया गया। श्री डड़सेना ने बताया कि अंतरवर्तीय एवं मेढ़ आधारित खेती से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, साथ ही भूमि एवं जल संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होता है। उन्होंने किसानों को दलहन फसलों के माध्यम से मृदा उर्वरता बढ़ाने एवं प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लाभ भी बताए। **कृषि अधिकारियों की उपस्थिति, तकनीकी मार्गदर्शन प्रदानः** निरीक्षण के दौरान संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं, अनुदान, बीज सहायता, तकनीकी सहयोग एवं फसल परिवर्तन से जुड़ी जानकारियां दी गईं।

**कृषि विभाग की अपीलः** उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने किसानों से अपील की कि वे जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अधिक पानी वाली फसलों के स्थान पर चना, मटर, अरहर एवं अन्य दलहन–तिलहन फसलों को अपनाएं, जिससे न केवल उत्पादन लागत घटेगी बल्कि आय में भी स्थायित्व आएगा। यह निरीक्षण कार्यक्रम जिले में कृषि नवाचार, फसल विविधीकरण एवं किसानों की आय वृद्धि की दिशा में कृषि विभाग के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

### परपोड़ी में उपसरपंचों ...

को देखते हुए उपसरपंचों को सम्मान जनक मानदेय निर्धारित करने व पंचायत के कार्यो में भी अधिकार दिलाने की दिशा में छ.ग शासन को निवेदन पत्र लिखकर उचित न्याय संगत सहयोग प्रदान की मांग किये हैं। ख़म्हन सिंह राजपूत ने उपसरपंचों की उपेक्षा व भेदभाव को देखते हुए राज्य में उपसरपंच संघ गठित करने पर भी जोर दिये है। पंच के बाद गहन विपरीत परिस्थिति में निर्वाचित होकर द्वितीय पंक्ति के महत्वपूर्ण पद में आने बाद भी उचित महत्व नहीं मिलना व पंच के बराबर मानदेय दिया जाना पद की गरिमा के विवरीत लगता है । इस दिशा में पुर्नविचार करते हुए सम्मान जनक अधिकार एव मानदेय दिलाने में उचित निर्णय लेकर पंचायती राज पर मुहर लगाने में सहयोगात्मक रुख अपनायेगे। ताकी उपसरपंच पद की गरिमा बने रहें।

### केवाईसी के नाम पर ...

विभाग के पास चला जाता है । उसके बावजूद भी नए राशन कार्ड धारी को भी केवाईसी के नाम पर राशन से वंचित किया जा रहा है। ऐसे एक नहीं बहुत से प्रकरण है।









संकलनकर्ता: राजेश शर्मा (राजू) हरिभूमि संवाददाता साजा मो.: 6260675039